# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
## जिला– सूरजपुर (छ0ग0)

Email ID-cmhosurajpur@gmail.com

क्र./ 6776 /खनिज एवं न्यास मद/2022–23

सूरजपुर दिनांक/28/10/2022

## वॉक–इन–इन्टरव्यू के माध्यम से संविदा पद पर भर्ती हेतु विज्ञापन

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सूरजपुर अंतर्गत पोषण पुनर्वास केन्द्रों के संचालन हेतु स्टॉफ नर्स,फिडींग डेमोन्स्ट्रेटर, ए0एन0एम0, कुक एंव अटेण्डेड की संविदा आधार पर भर्ती हेतु कुल 21 पदों के प्रशासकीय स्वीकृति उपरांत अस्थाई संविदा नियुक्ति आगामी 01 वर्ष हेतु किया जाना प्रस्तावित है।

अतः इच्छुक अभ्यर्थी रिक्त पदों की संविदा नियुक्ति हेतु नीचे दिए गए प्रपत्रानुसार अपना नाम, आयु, पत्र व्यवहार का पता, शैक्षणिक योग्यता दर्शाते हुए (योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र) समस्त फोटो प्रतिलिपियॉं, स्व–सत्यापित कर निर्धारित प्रारुप वाले आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें, पासपोर्ट साईज के फोटो सहित वॉक–इन्टरव्यू हेतु निर्धारित तिथि 04.11.2022 को समय सुबह 10.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सूरजपुर में समस्त पदों के पंजीयन हेतु उपस्थित होवें। दोपहर 2.00 बजे के पश्चात कोई भी पंजीयन एवं अपूर्ण फार्म स्वीकृत नहीं किए जाएंगे। आवेदन पत्र के ऊपर आवेदित पद का नाम एवं वर्ग अवश्य लिखें। अपूर्ण एवं समय सीमा के बाद (दोपहर 02.00 बजे) प्राप्त आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जावेगा।

चयन हेतु आवश्यकतानुसार शैक्षणिक योग्यता के मेरिट के प्रतिशत, अनुभव एंव लिखित/मौखिक/कौशल परीक्षा आयोजित की जा सकती है। किसी भी स्तर से व्यक्तिगत संपर्क अथवा दबाव डलवाने पर आवेदक को अपात्र घोषित किया जावेगा। उक्त विज्ञापन की समस्त जानकारी जिला सूरजपुर के वेब साईट www.surajpur.gov.in एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सूचना पटल से भी प्राप्त की जा सकती है।

### 1. आरक्षण रोस्टरवार पदों का विवरणः–

| क्र | पद का नाम | कुल स्वीकृत पद | आरक्षण रोस्टर | | | | | | | | | | | | | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अजजा | | | | अजा | | | | अपिव | | | | अनारक्षित | | | | |
| | | | मु0 | म0 | दि. | भूपूसै | मु0 | म0 | दि. | भूपू सै | मु0 | म0 | दि. | भूपू सै | मु0 | म0 | दि. | भूपूसै | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 1 | स्टाफ नर्स | 7 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 7 |
| 2 | फिडींग डेमोन्स्ट्रेटर | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| 3 | ए0एन0एम0 | 5 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 5 |
| 4 | कुक | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| 5 | अटेण्डेड | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| | कुल योग | 21 | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 | 0 | 0 | 0 | 8 | 0 | 0 | 0 | 21 |

### 2. वेतनमान एवं शैक्षणिक योग्यता की जानकारी

| पद कोड | पदनाम | वेतनमान | न्यूनतम शैक्षणिक एवं तकनिकी योग्यता |
|---|---|---|---|
| 01 | STAFF NURSE | 14784.00(एक मुश्त) | B.Sc. Nursing OR GNM and Live Registration in CG Nursing Registration Council. |
| 02 | Feeding | 10000.00(एक मुश्त) | B.Sc. Home Science Passed |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | Demonstrator | | |
| 03 | ANM | 9000.00(एक मुश्त) | ANM Course Passed in Indian Nurshing Board & Registration in CG Nurses Registration Council. |
| 04 | Cook | 4500.00(एक मुश्त) | 8th Paased |
| 05 | Attendent | 4000.00(एक मुश्त) | 8th Paased |

**3. आवेदन जमा करने की पदवार निर्धारित तिथि :–**

| पद कोड | पदनाम | आवेदन जमा करने का दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 01 | स्टाफ नर्स | दिनांक 14.11.2022 प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक। |
| 02 | फिडींग डेमोन्स्ट्रेटर | |
| 03 | ए0एन0एम0 | |
| 04 | कुक | |
| 05 | अटेण्डेड | |

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला–सूरजपुर (छ0ग0)

**नियम व शर्ते :–**

1. आवेदन पत्र हेतु पंजीयन निर्धारित वॉक इन इन्टरव्यू तिथि को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सूरजपुर (छ0ग0) में किया जावेगा। तदोपरांत पूर्ण रुप से भरे आवेदन दोपहर 02:00 बजे तक जमा करना आवश्यक होगा।
2. उक्त भर्ती हेतु आवश्यकतानुसार शैक्षणिक योग्यता के मेरिट के प्रतिशत, अनुभव एंव लिखित/मौखिक/कौशल परीक्षा ली जावेगी, जिसमें शामिल होने के लिए अभ्यर्थीयों को कोई व्यय का भुगतान नही किया जावेगा।
3. भर्ती हेतु सूरजपुर जिले के अभ्यर्थीयों को प्राथमिकता दी जावेगी अभ्थर्थी नही मिलने की स्थिति में संभाग स्तर के अभ्यर्थीयों को प्राथमिकता दी जावेगी।
4. आवेदकों की आयु 1 जनवरी 2022 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 62 वर्ष से अधिक नही होना चाहिए।
5. अनुभव हेतु समकक्ष पदों पर शासकीय सेवा में कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर अधिकतम 20 अंक प्रतिवर्ष 04 अंक के मान से 05 वर्ष हेतु प्रदान किया जावेगा। निजी संस्थानों के द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्रों पर अनुभव का अंक प्रदान नही किया जावेगा।
6. छत्तीसगढ़ शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग नवा रायपुर अटल नगर जिला रायपुर के पत्र क्रमांक/एफ 1–67/2021/सत्रह/एक नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 07.12.2021 के माध्यम से कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त एवं 06माह तक लगातार सेवा देने वाले अस्थाई स्वास्थ्य कर्मीयों को विभाग के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पदों पर चयन हेतु 10 बोनस अंकों का लाभ दिया जावेगा।
7. निर्धारित समय सीमा में प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच/स्क्रूटनी कर पात्र/अपात्र की सूची प्रकाशित होगी, पश्चात् दावा–आपत्ति आमंत्रित किया जावेगा एंव दावा–आपत्ति निराकरण कर परीक्षा के लिए पात्र अभ्यार्थियों के सूची का प्रकाशन की जावेगी। तत्पश्चात् दक्षता/कौशल परीक्षा आयोजन एंव प्राप्त अंको के आधार पर अंतिम वरीयता सूची के अनुसार चयन सूची प्रकाशन किया जावेगा।

| क्र0 | कुल विज्ञापित पदों की संख्या | लिखित/कौशल परीक्षा लिये जाने हेतु अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 1 से 10 होने पर | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना |
| 2 | 11 से 50 होने पर | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 5 गुना |
| 3 | 50 से अधिक होने पर | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 3 गुना |

8. चयन प्रक्रियाः– अंतिम चयन सूची निम्नांकित आधार पर बनाई जावेगी–

| क्र0 | पदनाम | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | शैक्षणिक योग्यता का वैटेज अंक दक्षता | दक्षता/कौशल परीक्षा अंक | अनुभव अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्टाफ नर्स | B.Sc. Nursing OR GNM and Live Registration in CG Nursing Registration Council. | 60 | 20 | 20 | 100 |
| 2 | फिडींग डेमोन्स्ट्रेटर | B.Sc. Home Science Passed | 60 | 20 | 20 | 100 |
| 3 | ए0एन0एम0 | ANM Course Passed in Indian Nurshing Board & Registration in CG Nurses | 60 | 20 | 20 | 100 |

Rotanji

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Registration Council. | | | | |
| 4 | कुक | 8th Paased | 90 | – | 10 | 100 |
| 5 | अटेण्डेड | 8th Paased | 90 | – | 10 | 100 |

9. पदनाम स्टाफ नर्स/फिडींग डेमोन्स्ट्रेटर/ए0एन0एम0 के पदों पर नियुक्ति हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता का 60 प्रतिशत, संबंधित क्षेत्र में कार्यानुभव के 10 अंक (प्रतिवर्ष के मान से 2 अंक अधिकतम 10 अंक एंव एन0एच0एम0 में कार्यरत अभ्यार्थियों को प्रतिवर्ष के मान से 3 अंक अधिकतम 15 अंक एंव मितानिन कार्यक्रम में कार्यरत अभ्यार्थियों को प्रतिवर्ष के मान से 4 अंक अधिकतम 20 अंक) एंव कौशल/लिखित परीक्षा के 20 अंक होंगे।
10. पदनाम कुक/अटेण्डेड के पदों पर नियुक्ति हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता का 90 प्रतिशत, संबंधित क्षेत्र में कार्यानुभव के 10 अंक (प्रतिवर्ष के मान से 2 अंक अधिकतम 10 अंक) होगें। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता का मेरिट व कार्य अनुभव से प्राप्त अंको के आधार पर अंतिम चयन सूची तैयार की जावेगी।
11. किसी भी पद हेतु शैक्षणिक योग्यता के लिए ग्रेडिंग सिस्टम के तहत जारी अंकसूची संलग्न की जाती है तो अभ्यर्थी को आवेदन के साथ में संबंधित शैक्षणिक संस्था द्वारा जारी अंक संबंधी प्रमाण पत्र/दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा स्थिति में ग्रेडिंग के निर्धारित न्यूनतम अंक मान्य करते हुए अंक की गणना की जावेगी।
12. उक्त पद पूर्णतः अस्थायी होगा।
13. पदस्थापना आगामी 01 वर्ष हेतु किया जावेगा एवं आगामी वर्ष हेतु आबंटित राशि स्वीकृत होने की स्थिति में सेवाधि बढाई जावेगी अन्यथा सेवा 01 वर्ष उपरांत स्वमेय निःरस्त मानी जावेगी।
14. चयनित उम्मीद्वार कार्यकाल के दौरान निजी संस्थान में कार्य नही कर सकते यदि कोई उम्मीद्वार चयन उपरांत निजी संस्था में कार्य करते पाये जाते हैं तो उनकी सेवा तत्काल समाप्त कर दी जावेगी।
15. जिला स्तर के रोस्टर के नियमों का पालन करते हुये किया जावेगा।
16. अभ्यर्थी अपना जाति ,निवास, जीवित रोजगार पंजीयन, संबंधित भौक्षणिक योग्यता पासपोर्ट साईज फोटो की छायाप्रति स्व–सत्यापित कर जमा करना होगा।
17. दिव्यांग एवं भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थी नही मिलने की स्थिति में उसी वर्ग के अभ्यर्थीयों से पद की पूर्ति की जावेगी।
18. चयन के संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
19. दस्तावेज सत्यापन के दौरान समस्त दस्तावेज प्रस्तुत न करने व परीक्षण के दौरान अथवा नियुक्ति उपरांत भी किसी भी समय या किसी भी प्रकार से दस्तावेज के असत्य पाये जाने पर अभ्यर्थी की नियुक्ति अमान्य की जा सकेगी।
20. सभी वर्ग (पुरुष–महिला) के अभ्यर्थियों हेतु राशि रु. 100/– राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा प्रस्तुत डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम् से **मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सूरजपुर** (छ0ग0) के नाम से देय होगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला–सूरजपुर (छ0ग0)